कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 16595 / एम–6 / 240 दिनांक 07.11.2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 06.11.2026 को "टूटी पाइप लाइन से महीनों से सड़क पर बह रहा पानीः बलुआ के ग्रामीणों को घरों में नहीं मिल रहा जल जीवन मिशन का पानी, शिकायतों के बाद जांच का आश्वासन" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 06.11.2026 को "टूटी पाइप लाइन से महीनों से सड़क पर बह रहा पानीः बलुआ के ग्रामीणों को घरों में नहीं मिल रहा जल जीवन मिशन का पानी, शिकायतों के बाद जांच का आश्वासन" शीर्षक खबर प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना से जलापूर्ति की जाती है। ग्राम पंचायत बल्ली परंवा अन्तर्गत राजस्व ग्राम बल्ली परंवा एवं देवपरवा में क्रमशः 448 नग व 211 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये गये है जिसके सापेक्ष 95 प्रतिशत से अधिक नल कनेक्शनों में जलापूर्ति प्राप्त हो रही है। समाचार पत्र में वर्णित बलुआ बस्ती राजस्व ग्राम बल्ली परंवा अन्तर्गत स्थित है। प्रश्नगत पाइप लाइन लीकेज का मरम्मतीकरण दिनांक 08.11.2026 तक करा दिया जायेगा।

भवदीय

For अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता